कृषि विपणन में नए आयामों पर बैनर कार्यक्रम सम्पन्न

द्वीपीय जलवायु के अनुकूल कृषि उत्पादन पर ज़ोर

पोर्ट ब्लेयर, 4 दिसम्बर। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पोर्ट ब्लेयर के केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा जयपुर के सीसीएस–नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अग्रिकल्चरल मार्केटिंग के सहयोग से 27 से 29 नवम्बर, 2019 तक यहां के गाराचरामा स्थित संस्थान परिसर में 'कृषि विपणन के नए आयाम : ध्यानाकर्षण क्षेत्र–जैविक उत्पादों का विपणन पर तीन दिवसीय बैनर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि, मत्स्य, पशुपालन जैसे विकास विभागों के मध्यम स्तरीय अधिकारी, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ, एफपीओ, एनकोफेड, पांडिचेरी विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर स्कोलर, केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के प्रोजेक्ट अध्येयता तथा स्थानीय कृषि उद्यमी शामिल हुए।

समापन समारोह में संस्थान के प्रभारी निदेशक डॉ. बी. ए. जेरार्ड मुख्य अतिथि थे। उन्होंने महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए वैज्ञानिक दल के प्रयासों को सराहा। उन्होंने कृषि उत्पादों के विपणन पर अपने अनुभवों को साझा किया और कहा कि स्थानीय लोगों की मांग के मुताबिक कृषि उत्पादन होने चाहिए और द्वीपीय व

शेष पृष्ठ 4 पर